दैनिक जागरण 29/10/2025

# पुरातन काल के प्रयोग आज भी लागू होते हैं : डा. सतीश



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति को संबोधित करता वक्ता ● विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता ● अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में पारंपरिक भारतीय रसायन विज्ञान पर व्याख्यान का आयोजन किया। रिसोर्स पर्सन के रूप में डा. सतीश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र विभाग इंस्टीट्यूट आफ इंटीग्रेटेड एंड आनर्स स्टडीज, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय रहे। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि पारंपरिक भारतीय रसायन विज्ञान हमारी वैज्ञानिक और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। डा. सतीश ने भारतीय परंपरा में विकसित धातु-शोधन, औषधि निर्माण, रंगाई, कृषि एवं पर्यावरण-संरक्षण से संबंधित रासायनिक ज्ञान पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्राचीन भारतीय रसायनज्ञों ने व्यवस्थित प्रयोगों और अवलोकनों के माध्यम से ऐसे वैज्ञानिक सिद्धांत विकसित किए, जो आज के आधुनिक प्रयोगशालाओं और उद्योगों में भी लागू होते हैं। मौके पर डा. नेहा अग्रवाल, राजेंद्र मीरवाल रहे।